हिन्दुस्तान

लाखों की चोरी का खुलासा तीन शातिर चोर गिरफ्तार

सख्ती

बलरामपुर, संवाददाता। नगर कोतवाली की पुलिस ने शुक्रवार को करीब दो माह पहले केवलपुर गांव में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 35 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और चोरी से जुड़ा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 13 मई 2026 को केवलपुर निवासी धर्मराज तिवारी ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया था कि 12-13 मई की रात अज्ञात चोर उनके घर में घुसकर करीब 70 हजार रुपये नकद व लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। टीम ने शुक्रवार को अलीबाग स्थित आम के बाग से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजू उर्फ मिठ्ठू निवासी सुहागिनपुरवा, पप्पू शिल्पकार निवासी दरोगा बिलोहा तथा रमन उर्फ राजू सोनी निवासी पुरैनिया तालाब, कोतवाली नगर के रूप में हुई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 35 हजार रुपये नकद, तीन जोड़ी पायल, 23 जोड़ी बिछुए, एक मंगलसूत्र, एक सोने की अंगूठी, एक चेन, एक मांगटीका, दो जोड़ी झुमकी तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया।